prepp

Practice, Learn and Achieve Your Goal with Prepp

# CGPSC Exam

## Paper-1-2015 Mains

Simplifying
Government Exams

SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS
SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA
SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET
CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in

# EXAM – MGC – 15

प्रश्न पत्र / Question Paper

Q.P. No. : 14686

विषय – भाषा (विषय कोड – 01)

SUBJECT – LANGUAGE (SUBJECT CODE – 01)

| | | | |
|---|---|---|---|
| अधिकतम अंक – 200<br>Maximum Marks – 200 | प्रश्न पत्र में पृष्ठों की संख्या : 8<br>Number of Pages in Question Paper : 8 | प्रश्न पत्र में प्रश्नों की संख्या : 32<br>Number of Questions in Question Paper : 32 | समय – 03 : 00 घंटे<br>Time – 03 : 00 Hours |

परीक्षा केन्द्र क्रमांक
Examination Centre Code | 5 | 0 | 2 |

से

## अभ्यर्थियों हेतु निर्देश

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
2. निर्देशों को भली भांति पढ़ने व समझने के साथ–साथ प्रश्न पत्र तथा प्रश्न–सह–उत्तर पुस्तिका (QAB) में आवश्यक प्रविष्टि करने हेतु 10 मिनटों का अतिरिक्त समय दिया जाएगा ।
3. प्रश्न–पत्र तथा QAB में किसी भी प्रकार की प्रविष्टि करने के पूर्व अभ्यर्थियों को कुल पृष्ठ संख्या की जाँच अवश्य कर लेनी चाहिए तथा किसी भी प्रकार की विसंगति होने पर वीक्षक को सूचित कर प्रश्न–पत्र/QAB की दूसरी प्रति प्राप्त करना चाहिए ।
4. प्रश्न–पत्र तथा QAB में समस्त प्रविष्टियाँ **काले/नीले बॉल पॉइण्ट** पेन से करें ।
5. प्रश्नों के हिन्दी अथवा अंग्रेजी प्रारूप, दोनों में से किसी भी भाषा में वर्तनी संबंधी अथवा अन्य त्रुटि होने पर ऐसी त्रुटियों की समझ व निराकरण की अपेक्षा स्नातक स्तर के अभ्यर्थियों से करते हुए ऐसे प्रश्नों को आपत्ति योग्य नहीं माना जाएगा । उक्त के संदर्भ में अभ्यावेदनों पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जाएगा ।
6. अभ्यर्थियों हेतु परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार के कैल्क्युलेटर, लॉग टेबल, मोबाईल फोन, पेजर अथवा अन्य किसी भी प्रकार के संचार व गणन यंत्र का प्रयोग पूर्णत: वर्जित तथा दंडनीय है ।
7. रफ कार्य प्रश्न सह उत्तर पुस्तिका के केवल अंतिम पृष्ठ पर ही किया जा सकता है ।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. All questions are compulsory.
2. Extra time of 10 minutes will be given for careful reading and understanding instructions as well as for making required entries in Question Paper and Question Cum Answer Booklet (QAB).
3. Before making any entry on Question Paper and QAB candidate should count and check the no. of pages and if any discrepancy is seen then invigilator should be informed immediately for another copy of Question Paper/QAB.
4. Each entry on Question Paper and QAB should be done with **Black/Blue Ball-Point Pen**.
5. In Hindi/English format of questions some minor spelling/other mistake in either one of languages will not be considered objectionable as it is expected that candidates being graduate can percept and understand that. No applications regarding the same will be entertained by the Commission.
6. Use of Calculators, Log Tables, Mobile Phones, Pagers and any other type of communication or calculating devices are strictly prohibited and punishable.
7. Rough work can be done only on last page of Question Answer Booklet.

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# भाग – 1
## सामान्य हिन्दी
## (Max. Marks : 50)

1. स्रोत भाषा और लक्ष्य भाषा के अन्तर को स्पष्ट कीजिए।

2. क) निम्नलिखित बहु विकल्पीय प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।

i) बादल का पर्यायवाची शब्द नहीं है

अ) घन आ) जलज इ) मेघ ई) वारिद

ii) माता का पर्यायवाची है

अ) जननी आ) आत्मजा इ) तनया ई) पिनाकी

iii) निम्नलिखित में कौन सा शब्द रात्रि का पर्यायवाची नहीं है ?

अ) निशा आ) निद्रा इ) विभावरी ई) रजनी

iv) इनमें से कौन सा शब्द चन्द्रमा का पर्यायवाची है ?

अ) शशि आ) रजनीचर इ) दिवाकर ई) प्रभाकर

ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

i) सदाचार ii) अग्रज iii) अशिष्ट iv) कृतज्ञ

ग) निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए।

i) आधीन ii) उज्वल iii) पुरस्कार iv) पूज्यनीय

3. क) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

i) सीधे मुँह बात न करना ii) घाट-घाट का पानी पीना iii) लकीर का फकीर होना

ख) निम्नलिखित लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट करते हुए उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए।

i) अंधा बाँटे रेवड़ी फिर फिर अपनों को दे।

ii) ऊधो की पगड़ी, माधौ के सिर।

iii) अध जल गगरी छलकत जाय।

4. क) निम्नलिखित शब्दों की सन्धि कीजिए।

i) देव + इन्द्र ii) नमः + ते iii) भोजन + आलय iv) महा + ऋषी

ख) निम्नलिखित समासों के एक-एक उदाहरण लिखिए।

i) द्वन्द्व ii) तत्पुरुष iii) कर्मधारय iv) बहुव्रीहि

ग) निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग बताइये।

i) अवगत ii) अधिकरण iii) उद्गम iv) पराजय



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

घ) निम्नलिखित शब्दों में **अर्थ–भेद** स्पष्ट कीजिए। 3

i) उर –उरु ii) आदि – आदी iii) कृति – कृती

ङ) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए **एक** सटीक शब्द लिखिए। 3

i) जहाँ पहुँचा न जा सके ii) वीर पुत्र को जन्म देनेवाली iii) परस्पर एक दूसरे पर आश्रित

5. क) निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए। 2

i) फूल ii) चार iii) भाई iv) आम

ख) निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए। 4

i) केवल यहाँ दो पुस्तकें रखी हैं। ii) अध्यापक हमसे लेख लिखाया।

iii) मेरे को तेरे से पाँच रुपया लेना है। iv) मुझे आपसे मात्र एक बात कहना है।

6. निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग **एक तिहाई** शब्दों में लिखकर उसका उपयुक्त शीर्षक दीजिए। **(5+1=6)**

अनन्त रूपों में प्रकृति हमारे सामने आती है – कहीं मधुर, सुसज्जित या सुन्दर रूप में; कहीं रुखे, बेड़ौल या कर्कश रूप में; कहीं भव्य, विशाल या विचित्र रूप में; और कहीं उग्र, कराल या भयंकर रूप में। सच्चे कवि का हृदय उसके उन सब रूपों में लीन होता है क्योंकि उसके अनुराग का कारण अपना खास सुख–भोग नहीं, बल्कि चिर साहचर्य द्वारा प्रतिष्ठित वासना है। जो केवल प्रफुल्ल, प्रसून प्रसाद के सौरभ–संचार, मकरंद–लोलुप, मधुकर के गुंजार, कोकिल–कूजित निकुंज और शीतल सुखस्पर्श समीर की ही चर्चा किया करते हैं, वे विषयी या भोग लिप्सु। प्रकृति के साधारण, असाधारण, सब प्रकार के रूपों को रखनेवाले वर्णन हमें वाल्मिकी, कालिदास, भवभूति इत्यादि संस्कृत के प्राचीन कवियों में मिलते हैं। पिछले खेवे के कवियों ने मुक्तक रचना में लो अधिकतर प्राकृतिक वस्तुओं का अलग–अलग उल्लेख केवल उद्दीपन की दृष्टि से किया है।

7. अनौपचारिक पत्र की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखें जिसमें यह बतायें कि आपने पिछली गर्मी की छुट्टी कैसे बितायी। **(2+4=6)**

8. अ) हिन्दी साहित्य के इतिहास का निम्नलिखित काल विभाजन किसने किया ? 1

i) आरम्भिक काल ii) माध्यमिक काल

iii) अलंकृत काल iv) परिवर्तन काल

v) वर्तमान काल

क) ग्रियर्सन ख) मिश्र बन्धु

ग) रामचन्द्र शुक्ल घ) डॉ. राम कुमार वर्मा

आ) हिन्दी साहित्य के इतिहास में किस काल को स्वर्णयुग के नाम से जाना जाता है ? 1

क) भक्तिकाल ख) रीतिकाल ग) छायावाद घ) प्रयोगवाद

इ) निम्नलिखित रचनाएँ छत्तीसगढ़ के किन रचनाकारों की हैं ? 4

i) झलमला ii) मृगी दुखमोचन iii) राम वनवास iv) कनवा समधि



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

## भाग – 2

## सामान्य संस्कृत

**(Max. Marks : 50)**

1. अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा प्रश्नान् उत्तरत।

आसीत् पुरा सूर्यवंशे दिलीपो नाम भूभृत्। स सर्वगुणैरूपेतस्तथा च सकलशास्त्रनिपुण आसीत्। तस्य सुदक्षिणा नामानुरूपा भार्या। सा तस्य प्राणेभ्योऽपि प्रिया। सुतमुखदर्शनं विना सर्वाण्यन्यानि सुखानि तस्य सुलभानि। अत: सन्तानार्थं कमप्युपायं ज्ञातुं स सकलं राज्यभारं सचिवेषु निक्षिप्य भार्यया सह कुलगुरोर्वसिष्ठस्याश्रमं गत:। मुनिं सादरं प्रणम्य तस्मै स स्वमनोरथं न्यवेदयत्। तदा स ऋषिणैवमुपदिष्ट: – "त्वया सुरधेनुखजाता पूर्वजन्मनि। अतस्तस्या: शापादेव त्वं सन्ततिविहीनो जात:। ममाश्रमे वर्तते तस्या नन्दिनी नन्दिनी नाम। तामेवाराध्य तव पुत्रप्राप्तिर्भवेदिति।"

I) पुरा दिलीपो नाम भूभृत् कस्मिन् वंशे आसीत् ?

II) दिलीपस्य नामानुरूपा भार्या का आसीत् ?

III) राजा दिलीप: भार्यया सह किमर्थं कुलगुरोर्वसिष्ठस्याश्रमं गत ?

IV) कं सादरं प्रणम्य तस्मै स राजा दिलीप: स्वमनोरथं न्यवेदयत् ?

V) स राजा दिलीप: ऋषिणा किम् उपदिष्ट: ?

2. **केषाञ्चिच्चतुर्णां** सन्धिविच्छेदं कृत्वा सन्धे: नाम लिखत।

I) पावक: II) कृष्णर्द्धि: III) दैत्यारि: IV) तट्टीकते

V) सच्चरित्रम् VI) विष्णुस्त्राता VII) नीरोग:

3. **केषाञ्चिच्चतुर्णां** सन्धिं कृत्वा सन्धे: नाम लिखत।

I) धातृ + अंश: II) गङ्गा + उदकम् III) प्र + ऋच्छति IV) विद्वान् + लिखति

V) प्रत्यङ् + आत्मा VI) नम: + करोति VII) शिवस् + अर्च्य:

4. **केषाञ्चिच्चतुर्णां** पदानां समासविग्रहं कृत्वा समासस्य नाम लिखत।

I) कुम्भकार: II) यथाशक्ति III) उपशरदम् IV) धान्यार्थ:

V) राजपुरुष: VI) दीर्घसक्थ: VII) वाक्त्वचम्

5. अधोलिखितेषु यथेच्छं **चतुर्णां** समासं कृत्वा समासस्य नाम लिखत।

I) गोभ्यो रक्षितम् II) पूर्वस्यां शालायां भव:

III) कल्याणी पञ्चमी यासां रात्रीणां, ता: IV) विष्णो: पश्चाद्

V) दश आननानि यस्य, स: VI) व्याघ्रस्येव पादावस्य

VII) गङ्गा च शोणश्च



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

6. अधोलिखितस्य गद्यांशस्य **संस्कृतभाषया** अनुवादो विधेयः। 8

महाकवि कालिदास संस्कृत के सर्वश्रेष्ठ कवि हैं। उन्होंने तीन नाटक, दो महाकाव्य और दो गीतिकाव्यों का प्रणयन किया। कालिदास के द्वारा विरचित नाटकों में अभिज्ञानशाकुन्तल सबसे उत्कृष्ट नाटक है। कालिदास ने कुमारसंभव और रघुवंश–इन दो महाकाव्यों की रचना की। उन्होंने ऋतुसंहार और मेघदूत नामक दो गीतिकाव्यों की भी रचना की। गीतिकाव्यों में मेघदूत सर्वोत्तम गीतिकाव्य है। कालिदास श्रृंगार रस के कवि हैं। वे उपमाओं के लिए प्रसिद्ध हैं।

7. केषाञ्चिद् **अष्टवाक्यानां** वाच्यपरिवर्तनं क्रियताम्। 8

I) अहं पुस्तकं पठामि।
II) भक्तः भगवन्तं स्तौति।
III) रामः बाणेन बालिं जघान।
IV) गोपालः दुग्धं दोग्धि।
V) सः किं करोति ?
VI) छात्राः कन्दुकेन क्रीडन्ति।
VII) बालिका विद्यालयं गच्छति।
VIII) वाल्मीकिना रामायणं विरचितम्।
IX) गायकेन गीतं गीयते।
X) मया दानं दीयते।
XI) त्वया ग्रन्थः पठ्यते।

8. अधोलिखितेषु **कमप्येकमाश्रित्य शतपरिमितैरेव** वचोभिः संस्कृतभाषया निबन्धो लेखनीयः।. 8

I) संस्कृतिः संस्कृताश्रिता II) परोपकारः पुण्याय III) रम्या रामायणी कथा IV) अनुशासनम्।

## PART – 3
## General English (Paper – I)
## (Max. Marks : 50)

1. Do as directed : 4
   a) The weather is getting __________ and ____________ (Supply suitable form of adjective 'cold' to indicate gradual increase)
   b) Take care lest you _________ fall. (Insert the appropriate model)
   c) The saint lives on ___________ Himalayas. (Supply the correct article)
   d) He was the best king that ever sat on the throne. (Replace 'that' with a relative pronoun without changing the meaning)

2. i) Make sentences using the following words to clarify their meanings : 4
   a) Ensuing b) Proscribe
   ii) Write the meanings of the following idioms :
   a) Apple of discord b) A fool's paradise

3. i) Rearrange the following words to make meaningful sentences : 10
   a) Ganga / the/ many/ myths / about / are / told / of / the / descent.
   b) Prove / river / a / rainy / dangerous / to / crossing / turbulent / days / in / may / be
   ii) Rewrite the following sentences after making necessary corrections without changing their meanings :
   a) You may miss the examination until you hurry.
   b) He ran too fast for the police to catch him. (Remove 'too')



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

iii) Rewrite the following sentences after correcting the mis-spelt words :
  a) If you want, you can destroy his image.
  b) He set the record on a high velocity.

iv) Write the synonyms of the following words :
  a) Magnificient    b) Somnambulist

v) Write the antonyms of the following :
  a) Brutal    b) Pretentious

4. i) Fill in the blanks with suitable prepositions : 12
  a) I have been living in Raipur __________ my birth.
  b) The boss prevailed ___________ his assistant to complete the files immediately.
  c) He passed ____________ so soon.
  d) Children prefer toffee __________ biscuits.

ii) Fill in the blanks with suitable verb forms :
  a) The team submitted its report after (look) into the matter.
  b) He said that he (may) visit his mother soon. (remote possibility)
  c) I (receive) the message just now.
  d) Gita has been (abscond) her class since Monday.

iii) Change the voice :
  a) People always admire this picture.
  b) What questions did the examiner set ?
  c) Who wrote it ?
  d) They let us go.

5. Translate the following sentences into Hindi : 5
  a) Men and machines have a great deal in common.
  b) Of all the books, I like Shakespeare's plays the most.
  c) The train had left before John reached the station.
  d) You believe it or not, he is a despot.
  e) They will come either today or tomorrow.

6. Read the following passage carefully and answer the questions that follow : 5
The invention of printing as we know it today is ascribed to Johann Gutenberg. In 1456 the Gutenberg Bible, the first major printed book, appeared; it had more than 600 leaves, with two columns of 42 lines each. Type foundry too developed side by side. The type was made by pouring molten type metal, generally an alloy of tin and lead, into a mould. Typesetting was done by hand and the types were wedged together in a tray. Ink was spread on the type and then the paper was pressed against the types. This continued to be the basic method of printing till the present day. Mechanisation began in the early years in the nineteenth century, when Fridnrich Konig built a printing machine. In the early machines, the types moved first under a roller which inked them and then under a cylinder which carried the paper to be printed on.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**Questions :**

a) Which alloy was used to make the typing mould ?

b) How did the earlier typing machines work ?

c) Who invented the first mechanical printing machine ?

d) Supply synonym for the noun "pages" from the passage.

e) Supply synonym for the verb "jammed" from the passage.

7. Write a letter to the Municipal Officer of your city, requesting him : 5

a) to arrange for the cleaning of the drains everyday.

b) to order for fogging and other measures of mosquito-killing.

c) and to check the spread of malaria.

8. Write a precis of the following passage in about **one-third** of the original length in your own words.

A blind reverence for the past is bad and so also is a contempt for it, for no future can be founded on either of these. The present and the future inevitably grow out of the past and bear its stamp and to forget this is to build without foundations and to cut off the roots of national growth. It is to ignore one of the most powerful forces that influence people. Nationalism is essentially the memory of past achievements, traditions and experiences; and nationalism is stronger today than it has ever been. Many people thought that nationalism had its day and must inevitably give place to ever-growing international tendencies of the modern world. Trade and commerce, easy communications and rapid transport, the radio and cinema, all helped to create an international atmosphere and to produce the delusion that nationalism was doomed. Yet whenever a crisis has arisen, nationalism has emerged again and dominated the scene and people have sought comfort and strength in their old traditions. (169) 5

## भाग – 4

## छत्तीसगढ़ी

## (Max. Marks : 50)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

अ) निम्नलिखित शब्दों के **छत्तीसगढ़ी** समानार्थी लिखिए :

i) मुर्गा ii) कफन iii) जीजा iv) कछुआ v) केचुआ

आ) निम्नलिखित छत्तीसगढ़ी शब्दों के **हिंदी** समानार्थी लिखिए : 5

i) पतो ii) गोंदली iii) तइहा iv) बइहा v) लकर

इ) 'मिंदोल' और 'बेंगचा' में अंतर स्पष्ट कीजिए : 2

2. अ) निम्नलिखित छत्तीसगढ़ी पुल्लिंग शब्द को स्त्रीलिंग में बदलिए : 2

i) गुरु ii) देवार



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

आ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम बताइए : 2

i) चिन्हार ii) मिझरा

इ) निम्नलिखित सामासिक शब्दों के प्रकार बतलाइए : 2

तुलसी चौंरा, पितर–गोतर

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

अ) छत्तीसगढ़ी बोली है या भाषा ?

आ) आठवी अनुसूची में शामिल होने पर छत्तीसगढ़ी को किस तरह का लाभ मिलेगा ? 5

4. अ) छत्तीसगढ़ी के प्रशासनिक शब्दों की निर्माण–विधि को प्रतिपादित कीजिए : 4

आ) निम्नलिखित प्रशासनिक शब्दों के छत्तीसगढ़ी रूप निर्दिष्ट कीजिए : 4

i) अपरिहार्य ii) पार्षद iii) मुख्य अतिथि iv) विचार–विमर्श

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

1) छत्तीसगढ़ी के प्रथम कवि

2) 'हीरू के कहिनी' के रचनाकार

3) 'सुसक झन कुररी ! सुरताले !!' के रचनाकार

4) 'छत्तीसगढ़ी, हल्बी, मतरी बोलियों का भाषा–वैज्ञानिक अध्ययन' के रचनाकार

5) छत्तीसगढ़ी की राष्ट्रीय धारा के किसी एक कवि का नाम

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

i) 'फुलबासन' में किसकी कथा है ?

ii) छत्तीसगढ़ी काव्य का प्रारंभ किस युग से माना जाता है ?

iii) 'मोजली' त्रैमासिक का प्रकाशन कहाँ से हुआ था ?

iv) 'खुसरा चिरई के बिहाव' नामक कृति के कृतिकार का नाम बतलाइए।

v) प्यारेलाल गुप्त की चर्चित कृति का नाम बतलाइए।

7. प्राथमिक कक्षा में छत्तीसगढ़ी माध्यम से अध्यापन का औचित्य। 2

8. छत्तीसगढ़ी के मानकीकरण पर आपके विचार। 2

---



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click

Know More

prepp

# Latest Sarkari jobs, Govt Exam alerts, Results and Vacancies

- Latest News and Notification
- Exam Paper Analysis
- Topic-wise weightage
- Previous Year Papers with Answer Key
- Preparation Strategy & Subject-wise Books

To know more **Click Here**

www.prepp.in